# जनपद झांसी में स्थापित बायोगैस प्लान्टो का संक्षिप्त विवरण

जनपद झाँसी में गोबरधन परियोजना अन्तर्गत 45 क्यूबिक मीटर क्षमता के 04 बायोगैस संयन्त्र गौशाला परिसर में स्थापित है बायोगैस प्लान्ट के साथ 05 के0वी0ए0 का जनरेटर भी स्थापित है। जिससे गौशाला परिसर में गौवंश हेतु चारा काटने की मशीन, पानी हेतु सम्मरसेबिल का संचालन के साथ साथ चूल्हे का संचालन किया जा सकता है। 45 क्यूबिक मीटर क्षमता के बायोगैस प्लान्ट से लगभग 56 यूनिट विद्युत प्रतिदिन उत्पादित होती है, पूर्ण क्षमता पर बायोगैस प्लान्ट का संचालन करने पर प्रतिदिन 41.40 क्यूबिक मीटर गैस का उत्पादन होता है, जिसे किलोग्राम में परिवर्तित करने पर लगभग 27 किलोग्राम गैस प्रतिदिन उत्पन्न होती है। बायोगैस प्लान्ट से निकलने वाली स्लरी से प्रतिदिन 200 से 300 किलोग्राम जैविक खाद का उत्पादन होता है, जिसे जैविक खेती हेतु कृषकों को विक्रय किया जाता है।